# सोनम से भी खतरनाक साजिश ! मां-बेटी का था एक ही बॉयफ्रेंड, शादी के 30 दिन बाद बेरहमी से ली पति की जान

नई दिल्ली 18 मई 2025 का दिन, 32 साल के तेजेश्वर काफी खुश थे। जिस ऐश्वर्या को उन्होंने पसंद किया, उसी के साथ उनकी शादी होने जा रही थी। परिवार ऐश्वर्या को पसंद नहीं करता था, लेकिन तेजेश्वर के प्यार की खातिर इस शादी के लिए तैयार हो गया। वजह थी ऐश्वर्या का पहले से चल रहा एक अफेयर। धूमधाम से बारात चढ़ी और ऐश्वर्या को अपनी दुल्हन बनाकर तेजेश्वर घर ले आए। वक्त बीत रहा था, लगा कि पति-पत्नी की जिंदगी में सबकुछ ठीक चल रहा है, लेकिन शादी के ठीक 30 दिन बाद, 18 जून को तेजेश्वर की लाश एक गाड़ी के भीतर खून से लथपथ मिली।जुर्म की ये कहानी है तेलंगाना के तेजेश्वर की, जिनकी लाश आंध्र प्रदेश के कुरनूल में मिली। तेजेश्वर के पास जमीनों के सर्वे करने का लाइसेंस था। जिस दिन उनकी लाश मिली, उससे एक दिन पहले ही वह एक जमीन के सर्वे के लिए गए थे। जब शाम तक तेजेश्वर नहीं लौटे तो परिवार ने अगले दिन उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और उसी दिन उनकी लाश गाड़ी के भीतर मिली। अब सवाल था कि तेजेश्वर की हत्या किसने और क्यों की? अपने घर से दूर उस जगह पर वह क्या कर रहे थे, जहां उनकी लाश मिली? तेजेश्वर की किसी के साथ कोई दुश्मनी नहीं थी। लेकिन, पुलिस को उनके परिजनों ने जो कहानी बताई, उसके बाद तेजेश्वर की पत्नी




ऐश्वर्या और सास सुजाता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तफ्तीश की, तो पता चला कि तेजेश्वर की पत्नी और सास ने ही उनकी हत्या की साजिश रची थी, जिसमें दोनों का बॉयफ्रेंड भी शामिल था।दरअसल, शादी से पहले तेजेश्वर ने ऐश्वर्या के बारे में जब अपने परिवार को बताया, तो उन्होंने अपनी होने वाली दुल्हन के बारे में छानबीन की। इस छानबीन में पता चला कि ऐश्वर्या का अफेयर एक बैंक मैनेजर के साथ चल रहा है। उन्होंने इस बारे में अपने बेटे को आगाह किया और शादी करने से रोका, लेकिन ऐश्वर्या के प्यार में अंधे हो चुके तेजेश्वर ने उनकी एक ना सुनी।शादी से पहले गायब हुई ऐश्वर्या18 मई को जब तेजेश्वर की शादी होने वाली थी, तो ठीक पांच दिन पहले ऐश्वर्या घर से गायब हो गई। रिश्तेदारों में हड़कंप मच गया। इधर, तेजेश्वर के परिवार को पता चला कि ऐश्वर्या अपने बॉयफ्रेंड के साथ है। तीन बाद ऐश्वर्या वापस लौटी और कहा कि वो शादी में दिए जाने वाले दहेज को लेकर परेशान थी, इसलिए अपनी एक सहेली के घर पर चली गई थी। उसने तेजेश्वर को भी अपनी फर्जी कहानी सुनाकर भरोसे में ले लिया। परिवार ने मना किया, लेकिन तेजेश्वर ऐश्वर्या से ही शादी की जिद पर अड़े रहे।सुपारी किलर और साजिशदोनों की शादी हुई और कुछ दिन बाद ही तेजेश्वर के प्रति ऐश्वर्या का बर्ताव बदल गया।

# यूपी में 4 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन; चारों अधिकारी प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव बने

लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार ने 4 वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (पै) अधिकारियों को प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव (एसीएस) के पद पर प्रोन्नत किया है. यह प्रोन्नति पे मैट्रिक्स लेवल 17 के तहत निर्धारित वेतनमान के साथ की गई है.प्रोन्नत अधिकारियों में एल वेंकटेश्वर लू, बीएल मीणा, नरेन्द्र भूषण और अनुराग श्रीवास्तव शामिल हैं. प्रोन्नति राज्य प्रशासन में इन अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान और अनुभव को मान्यता देते हुए की गई है.एल वेंकटेश्वर लू ने महत्वपूर्ण विभागों में अपनी कुशलता साबित की है. विशेष रूप से ग्रामीण विकास और तकनीकी नवाचार में. बीएल मीणा ने कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नीतिगत सुधारों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है.ये भी पढ़ें: यूपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल; 127 च्छै अफसरों का तबादला, जानिए कौन कहां गया




नरेन्द्र भूषण ने शहरी विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है, जबकि अनुराग श्रीवास्तव प्रशासनिक सुधारों और लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जाने जाते हैं.कार्मिक और नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, प्रोन्नति के साथ इन अधिकारियों को अब और अधिक जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जो उत्तर प्रदेश के विकास और प्रशासनिक दक्षता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण होंगी.सरकार ने इस कदम को राज्य के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया है. वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस प्रोन्नति पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उम्मीद जताई है कि ये अधिकारी अपने नए पदों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे.


# यूपी में 4 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का प्रमोशन; चारों अधिकारी प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव बने

लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार ने 4 वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (पै) अधिकारियों को प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव (एसीएस) के पद पर प्रोन्नत किया है. यह प्रोन्नति पे मैट्रिक्स लेवल 17 के तहत निर्धारित वेतनमान के साथ की गई है.प्रोन्नत अधिकारियों में एल वेंकटेश्वर लू, बीएल मीणा, नरेन्द्र भूषण और अनुराग श्रीवास्तव शामिल हैं. प्रोन्नति राज्य प्रशासन में इन अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान और अनुभव को मान्यता देते हुए की गई है.एल वेंकटेश्वर लू ने महत्वपूर्ण विभागों में अपनी कुशलता साबित की है. विशेष रूप से ग्रामीण विकास और तकनीकी नवाचार में. बीएल मीणा ने कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नीतिगत सुधारों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है.ये भी पढ़ें: यूपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल; 127 च्छै अफसरों का तबादला, जानिए कौन कहां गयानरेन्द्र भूषण ने शहरी विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है, जबकि अनुराग श्रीवास्तव प्रशासनिक सुधारों और लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जाने जाते हैं.कार्मिक और नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, प्रोन्नति के साथ इन अधिकारियों को अब और अधिक जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जो उत्तर प्रदेश के विकास और प्रशासनिक दक्षता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण होंगी.सरकार ने इस कदम को राज्य के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया है. वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस प्रोन्नति पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उम्मीद जताई है कि ये अधिकारी अपने नए पदों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे.यह प्रोन्नति न केवल इन अधिकारियों की मेहनत का सम्मान है, बल्कि उत्तर प्रदेश प्रशासन में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है.


# हमीरपुर में बदमाशों की दहशत, असलहे के बल पर सीमेंट फैक्ट्री में घुसे, गेट तोड़कर ट्रक उड़ा ले गए



हमीरपुरः उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक सीमेंट फैक्ट्री में अवैध असलहे से लैश बदमाशों ने धावा बोलकर गेट तोड़ डाला। सुरक्षा कर्मियों पर असलहा तानकर फैक्ट्री के अंदर से ट्रक लेकर भाग गए। घटना से फैक्ट्री में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने ट्रक लेकर भागे दबंगों की तलाश शुरू कर दी है।यह सनसनीखेज वारदात हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे के औद्योगिक नगरी में संचालित जेके सीमेंट फैक्ट्री में हुई। जिसे लेकर फैक्ट्री के प्रबंधन दहशत में है। पिछले दिनों जेके सीमेंट फैक्ट्री में एक ट्रक सीमेंट लादने आया था। फैक्ट्री के अंदर दाखिल होते ही ट्रक की सुरक्षा कर्मियों ने जांच की तो पाया कि ट्रक के चेचिस नंबर के साथ नंबर प्लेट फर्जी है। मामला संदिग्ध देख फैक्ट्री के सुरक्षा कर्मियों ने इस ट्रक को फैक्ट्री के अंदर यार्ड में खड़ा करा दिया। इसकी जानकारी जैसे ही ट्रक मालिक को हुई तो उसने फोन कर फैक्ट्री कर्मियों को ट्रक छोड़ने की धमकी दी।ऐसे बोला धावाधमकी का कोई असर न होने पर ट्रक मालिक ने अपने तमाम अवैध असलहे से लैस बदमाशों के साथ फैक्ट्री में धावा बोल दिया। फैक्ट्री का मेन गेट तोड़कर सुरक्षा कर्मियों के सीने पर अवैध असलहे लगा दिए। इसके बाद फैक्ट्री के अंदर यार्ड में खड़ा ट्रक दबंग लोग ले गए। इस घटना से फैक्ट्री में अफरातफरी मच गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी कर्मियों से ली। इसके बाद घटना की जानकारी सुमेरपुर थाना और एसपी से की गई।जांच में जुटी पुलिसफैक्ट्री प्रबंधन ने थाने में ट्रक मालिक सुमित गुप्ता और तमाम अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। घटना के बाद फैक्ट्री के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने में पुलिस जुटी हुई है। सुमेरपुर थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बुधवार को बताया कि जांच में अवैध हथियार लिए जाने की पुष्टि नहीं हुई है। सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध वाहन भी नहीं दिख रहा है। बताया कि पूरे मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ऐड शूट के दौरान फ्रेंच महिला से रेप का आरोपी धरा गया, उदयपुर पुलिस के सामने सिद्धार्थ उर्फपुष्पराज बोला - हनी ट्रैप हुआ हूं



उदयपुर राजस्थान के उदयपुर जिले में फ्रांस की एक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।ऐड शूट के बहाने आया संपर्क मेंउदयपुर एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 22 जून को यह घटना घटित हुई, जब फ्रांस की महिला उदयपुर में एक मोबाइल कंपनी के विज्ञापन की शूटिंग के लिए आई हुई थी। शूटिंग टीम के ही एक सदस्य ने वारदात को अंजाम दिया।रात की पार्टी में विदेशी युवती हुई शिकारदिनभर की शूटिंग के बाद पूरी टीम एक पार्टी में शामिल हुई। इसी दौरान आरोपी ने युवती को सिगरेट पीने के बहाने बाहर बुलाया और फिर गाड़ी में छेड़छाड़ की। इसके बाद अपने कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।23 जून को मिली सूचना, मामला दर्जघटना की जानकारी पुलिस को 23 जून को मिली, जिसके बाद बड़गांव थाने में मामला दर्ज किया गया। पीड़िता के बयान लिए गए और विशेष पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू की गई।7 दिन में पेश होगा चालानएसपी योगेश गोयल ने बताया कि आरोपी को आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला गंभीर है, इसलिए तेजी से जांच की जा रही है और सात दिनों के भीतर चालान पेश किया जाएगा।पहले से नहीं था कोई संपर्कप्रारंभिक जांच में यह बात सामने नहीं आई है कि पीड़िता और आरोपी पहले से एक-दूसरे के संपर्क में थे। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि फ्रेंच महिला भारत कब आई और कहां रह रही थी।विदेशी महिला से रेप का आरोपी पकड़ लिया गया है। मामले को लेकर सख्त कार्रवाई की जाएगी और जल्द से जल्द ट्रायल शुरू कराने की प्रक्रिया की जा रही है।योगेश गोयल, एसपी, उदयपुर पुलिसआरोपी की कंपनी श्उदयपुर कास्टिंग कॉलश्पुलिस के अनुसार, आरोपी की एक कास्टिंग एजेंसी है, जिसका नाम श्उदयपुर कास्टिंग कॉलश् है। शूटिंग उसी एजेंसी द्वारा आयोजित की गई थी।मीडिया के सामने बोला दू हनी ट्रैप हुआ हूंगिरफ्तारी के बाद जब आरोपी को पुलिस एसपी कार्यालय लेकर पहुंची, तब उसने मीडिया के सामने दावा किया कि वह ष्हनी ट्रैपष् का शिकार हुआ है। पुलिस इस दावे की भी जांच कर रही है।

# कौन है ब्राउन शुगर भाभी ? मायके से ससुराल तक सब धंधे में शामिल, लड़कियों की टीम से कराती थी सप्लाई

नई दिल्ली नाम- रूबी सिंह उर्फब्राउन शुगर भाभी, पता- बिहार का सासाराम जिला और नाम के आगे लगभग 20 से ज्यादा मुकदमे दर्ज। अकेले एक ही थाने में 13 केस। मायके से लेकर ससुराल तक, परिवार के लोग भी उसके अवैध धंधे में शामिल थे। वो 10 साल से अपने इस गैरकानूनी कारोबार को चला रही थी। आसपास के कई जिलों तक उसका जाल फैला हुआ था। केवल पुरुष ही नहीं, बल्कि लड़कियां भी उसके इस धंधे में शामिल थीं। पुलिस का शिकंजा कसा और पूछताछ हुई तो होश उड़ा देने वाले राज निकलकर सामने आए।अपने घर से ब्राउन शुगर यानी ड्रग्स का धंधा चलाने वाली रूबी सिंह उर्फ ब्राउन शुगर भाभी अब सलाखों के पीछे है। लेकिन, उसके किस्से निकलकर सामने आ रही हैं। रूबी यूपी से ब्राउन शुगर लाकर उसमें दूसरा नशीला पाउडर मिलाती और इसके बाद ये ड्रग्स आसपास के जिलों में भेजी जीती थी। बिहार की रहने वाली रूबी के ड्रग्स का कारोबार, झारखंड की राजधानी रांची के लगभग हर हिस्से में फैला हुआ था। सबसे पहले आपको बताते हैं कि ब्राउन शुगर भाभी के नाम से मशहूर रूबी सिंह कौन है। बिहार के सासाराम जिला में रेलवे स्टेशन के पास बसे कारगर गांव की रहने वाली रूबी पिछले 10 साल से ड्रग्स के धंधे में है। उसका भाई पिंटू साह, छोटी बहन का पति प्रिंस और देवर सूरज कुमार साह सहित पूरा परिवार इसी धंधे में शामिल है। बिहार में रहते हुए वह रांची तक अपना धंधा चला रही थी।

अलग-अलग थानों में 20 से ज्यादा केसपुलिस के मुताबिक, रांची के लगभग हर इलाके में ब्राउन शुगर का




कारोबार करने वाले रूबी से ही ब्राउन शुगर खरीदते थे। ब्राउन शुगर का धंधा करते हुए उसके ऊपर 20 से ज्यादा मुकदमे हुए, लेकिन जुर्म की दुनिया में उसके कदम नहीं रुके। रूबी के ऊपर रांची के सुखदेवनगर थाने में 13, कोतवाली में 2, लोअर बाजार में 2, गोंदा, खेलगांव, जगन्नाथपुर के पुंदाग और अरगोड़ा सहित कई थानों में केस दर्ज हैं।

शिकंजा कसा तो कर दिया सरेंडर

हालांकि, अपने ऊपर कानूनी शिकंजा कसता देख रूबी ने 29 अप्रैल 2025 को सासाराम में सरेंडर कर दिया। रांची पुलिस जब उसकी तलाश में सासाराम पहुंची तो उसके सरेंडर के बारे में पता चला। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर उसकी रिमांड मांगी और उन्हें तीन दिन की रिमांड मिल गई। रिमांड में रूबी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए।लड़कियां संभालती थीं सप्लाई का जिम्मारूबी के मुताबिक, ब्राउन शुगर के उसके धंधे में लड़कियां भी जुड़ी हुई हैं। इन लड़कियों का काम रूबी से ब्राउन शुगर लेकर इसे सप्लायरों तक पहुंचाने का होता है। लड़कियों को शामिल पीछे करने का मकसद ये था कि उनके ऊपर कोई शक नहीं करता था। हाल ही में उसके इस ड्रग्स रैकेट से जुड़ी एक महिला को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। उसके पास से पुलिस को करीब 4 लाख 50 हजार रुपये और 88 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ।कन्हैया भी ब्राउन शुगर भाभी का ग्राहकपूछताछ में पता चला कि रांची में ब्राउन शुगर का मुख्य सरगना कन्हैया भी रूबी सिंह से ही माल खरीदता था। रूबी से खरीदने के बाद वह अपने पैडलरों को कमीशन देकर, उनसे इस ब्राउन शुगर की बिक्री कराता था। कन्हैया कई साल तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहा। इसके बाद पुलिस ने उसके ही एक खास गुर्गे को अपना आदमी बना कर उसके पास भेजा और कन्हैया को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह जेल में बंद है।

